व्याख्याताओं ने काली पट्टी बांध दर्ज करवाया विरोध

झुंझुनूं, । हाल के दिनों में बीकानेर श्रीडूंगरपुर थाना क्षेत्र के गांव कुपलासर के राजकीय विद्यालय में कार्यरत व्याख्याता (कार्यवाहक प्रधानाचार्य) किशनाराम क़ायल का एक युवक ने विद्यालय में घुसकर कर लाठी से हाथ पैर तोड़ने का मामला सामने आया है। उक्त घटना के विरोध में डाइट में व्याख्याताओं एवं वरिष्ठ व्याख्याताओं ने काली पट्टी बांध कर विरोध दर्ज करवाया। व्याख्याता प्रमेंद्र कुल्हार ने बताया कि बीकानेर जिले में कार्यरत व्याख्याता किशनाराम कायल के साथ घटित हुई मारपीट की इस प्रकार की घटना से पूरे जिले के शिक्षकों एवं व्याख्याताओं में भयंकर आक्रोश है। इस घटना के विरोध में जिलेभर के व्याख्याताओं ने काली पट्टी बांध कर सांकेतिक विरोध दर्ज करवाया है। साथ ही सरकार से आ ान किया है कि इस घटना के लिए दोषी अपराधी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करते हुए तुरंत सजा दिलाए और शिक्षकों की सुरक्षा के लिए टीचर प्रोटेक्शन एक्ट बनाया जाए। व्याख्याता अजय प्रेमी ने बताया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 फरवरी को दोपहर करीब 12 बजे कुंपालसर निवासी जगदीश प्रसाद पुत्र सोहनराम स्कूल में जाति प्रमाण पत्र के फॉर्म पर साइन करवाने आया था। लेकिन फॉर्म अधूरा ही था।

पूरी जानकारी भरने के लिए कहने पर आरोपी भड़क गया। इस पर गाली-गलौज करते हुए पहले चाय की भगोनी प्रिंसिपल के ऊपर फेंक दी। फिर प्रिंसिपल पर लाठी से हमला कर दिया। इससे कार्यवाहक प्रिंसिपल किशनाराम क़ायल के हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। उक्त घटना के बाद पूरे राजस्थान के विद्यालयों में स्थिति तनावपूर्ण रही। इस घटना के कारण पूरे जिले सहित राजस्थान के शिक्षकों में भयंकर आक्रोश है। शिक्षक संगठनों ने विरोध जताते हुए आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्कूल परिसर में इस तरह की घटना चिंता का विषय है।

शिक्षक सुरक्षित नहीं तो शिक्षा सुरक्षित नहीं - संजू नेहरा

खिरोड़, । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोंक छिलरी के कार्मिकों एवं अभिभावकों ने बीकानेर में कार्यरत कार्यवाहक संस्था प्रधान किशनाराम कयाल के साथ हुई मारपीट की घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। गुरूवार को कार्यालय समय में सभी शिक्षकों व कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया तथा घटना की घोर निंदा की। संस्था प्रधान संजू नेहरा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में शिक्षक का स्थान भगवान के समान माना गया है। इस प्रकार की घटनाएं शिक्षक समुदाय की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध कठोर एवं ठोस कार्रवाई की मांग की। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। विरोध प्रदर्शन के दौरान वाइस प्रिंसिपल मोनिका पालीवाल, व्याख्याता संदीप कुमार, हरिश कुमार, अर्पणा सैनी, वरिष्ठ अध्यापक महावीरप्रसाद सैनी, ताराचंद डूडी, सतीश कुमार पालीवाल, रामलखन सैनी, अध्यापक जीवनराम, रमेशचंद, कनिष्ठ सहायक अभिषेक, पंचायत सहायक सुमन शर्मा, सेवानिवृत्त वरिष्ठ लेखाधिकारी सत्यनारायण सैनी सहित अभिभावक परमेश्वरी देवी उपस्थित रहे।

कानूनी जानकारी और सरकारी योजनाओं का संगम

- लोक कल्याणकारी शिविर का आयोजन किया

झुंझुनूं, । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनूं द्वारा गुरूवार को पंचायत समिति चिड़ावा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनूं व प्रशासनिक विभागों के संयुक्त तत्वावधान में एक लोक कल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मंचस्थ अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे डॉ. महेन्द्र के. सिंह सोलंकी, तालुका विधिक सेवा समिति चिड़ावा के अध्यक्ष एडीजे नरेंद्र सिंह, एसीजेएम मोहनलाल बेदी थे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी रही। जिनमें श्रम विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, महिला अधिकारिता विभाग, बाल अधिकारिता विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, चिकित्सा विभाग, श्रम विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस लोककल्याणकारी शिविर का उद्देश्य एक ही मंच पर सभी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर समाज के वंचित वर्गों, ग्रामीणों और आम जनता को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान कर विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से सीधे जोड़ना रहा। सभी विभागों द्वारा आमजन को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के माध्यम से लगभग 450 लाभार्थियों को राज्य सरकार की विविध योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर पात्र हितग्राहियों को गार्गी पुरस्कार वितरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री पशु बीमा योजना, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत स्वीकृतियां तथा अन्य विभागों की ओर से आमजन को लाभ प्रदान किए गए।

समस्याओं के निस्तारण के निर्देश

रतनगढ़, समाचार जगत ब्यूरो। पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने गुरुवार को स्थानीय भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोगों ने पानी, सड़क, बिजली, सफाई, राजस्व सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें रखीं। महर्षि ने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर त्वरित समाधान के निर्देश दिए तथा लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के साथ नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन को राहत पहुंचाना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।

वन स्टॉप सखी सेंटर भ्रमण कराया

- साथिनों को नारी चौपाल के प्रभावी संचालन, समुदाय में महिला सहभागिता बढ़ाने पर बल

सीकर, 25 फरवरी। उपनिदेशक, महिला अधिकारिता विभाग सीकर राजेन्द्र कुमार चौधरी के दिशा-निर्देशन में नारी चौपाल गतिविधियों को ग्राम पंचायत स्तर पर प्रभावी एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के सुदृढ़ प्रचार-प्रसार को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से पिपराली एवं धोद ब्लॉक की साथिनों द्वारा वन स्टॉप सखी सेंटर का एकदिवसीय शैक्षिणक एवं अभिमुखीकरण भ्रमण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य साथिनों को नारी चौपाल के प्रभावी संचालन, समुदाय में महिला सहभागिता बढ़ाने, बालिका शिक्षा, लैंगिक समानता एवं महिला अधिकारों से संबंधित विषयों पर व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना रहा। भ्रमण के दौरान केंद्र पर उपलब्ध सेवाओं, कार्यप्रणाली तथा विभिन्न विभागों के समन्वय की प्रक्रिया से अवगत कराया गया, ताकि ग्राम स्तर पर महिलाओं को आवश्यक सहायता समय पर उपलब्ध कराई जा सके। इस अवसर पर शकुंतला (पर्यवेक्षक, पिपराली) एवं सुनीता चौधरी (पर्यवेक्षक, धोद) द्वारा नारी चौपाल की रूपरेखा, बैठक आयोजन प्रक्रिया, एजेंडा निर्धारण, समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उपाय तथा फॉलोअप प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के उद्देश्यों, घटते लिंगानुपात की चुनौती, बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल विवाह रोकथाम एवं जन-जागरूकता गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। जेंडर स्पेशलिस्ट प्रकाशचंद द्वारा लैंगिक संवेदनशीलता, महिला सुरक्षा एवं अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक विद्या जोशी ने केंद्र पर उपलब्ध सेवाओं-आपातकालीन सहायता, विधिक परामर्श, मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग, पुलिस समन्वय, चिकित्सा सुविधा एवं अस्थायी आश्रय-की जानकारी साझा करते हुए बताया कि संकट की स्थिति में महिलाओं को एक ही स्थान पर समेकित सहायता उपलब्ध कराना केंद्र का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के दौरान वन स्टॉप सेंटर का समस्त स्टाफ एवं पन्नाधाय सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की परामर्शदाता ऋचा पारीक भी उपस्थित रहीं। उन्होंने परामर्श सेवाओं की प्रक्रिया एवं गोपनीयता संबंधी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। भ्रमण के अंत में यह संकल्प लिया गया कि नारी चौपाल का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत में नियमित रूप से किया जाएगा तथा महिला एवं बालिका सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए सतत् प्रयास किए जाएंगे।

7 मुंबई प्रवासी भामाशाह सीए दीनबंधु जालान ने श्री गोपाल गौशाला में करवाया पाताल तोड़ बोरिंग

- अब गौवंश की जल समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा, 125 साल पुरानी गौशाला के विकास को मिले नए पंख, आवास नवीनीकरण और जल व्यवस्था के लिए आगे आए सीए दीनबन्धु जालान

झुंझुनूं, । जिले की लगभग 125 वर्ष पुरानी और गौसेवा को समर्पित श्री गोपाल गौशाला में गौभक्तों के सहयोग से विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। गौमाता के लिए पेयजल की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, स्वर्गीय चंद्रकला देवी जालान धर्मपत्नी स्वर्गीय बिड़दीचंद जालान की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र झुंझुनूं निवासी मुंबई प्रवासी भामाशाह सीए दीनबंधु जालान के सौजन्य से बोरिंग का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं मंत्री प्रदीप

पाटोदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बीबानी धाम के सामने गौशाला के हॉस्पिटल एरिया के बाहर लगभग 600 फुट गहरा पाताल तोड़ बोरिंग करवाया गया है। हर्ष का विषय है कि गौमाता की कृपा से इस बोरिंग में पीने योग्य मीठा और पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हुआ है। जिससे गौवंश की जल समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। विदित रहे कि सीए दीनबंधु जालान गौशाला के विकास में निरंतर अपना योगदान दे रहे हैं। बोरिंग के साथ-साथ उनके सौजन्य से गौशाला में एक गौ-आवास का नवीनीकरण कार्य भी लगभग पांच लाख रुपए की लागत से प्रगति पर है। गौशाला प्रबंधन ने झुंझुनूं की धरा के प्रवासी भामाशाहों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए।

रंग, गुलाल और लोकधुनों से सराबोर होगा झुंझुनूं

- परसों गूंजेगा फागोत्सव, संस्कृति और सौहार्द का बनेगा विराट मंच

झुंझुनूं, 26फरवरी। रंगों के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में गीतांजलि समूह द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला फागोत्सव इस बार भी भव्यता के साथ मनाया जाएगा। फागोत्सव-2026 का आयोजन रविवार एक मार्च को हमीरी खुर्द स्थित गीतांजलि फॉर्म हाउस में शाम सात बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें रंग, गुलाल, ढोल-धमाल और लोकसंगीत का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में पारंपरिक होली के रंगों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की विशेष शृंखला रहेगी। जयपुर से आने वाली रूप सिंह शेखावत एंड पार्टी अपने लोकगीतों एवं पारंपरिक फाग गायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेगी। लोकधुनों पर सामूहिक नृत्य, धमाल और चंग की थाप के बीच उपस्थितजन होली के उल्लास में सराबोर होंगे। आयोजक गीतांजलि ज्वैलर्स एवं पंचविधि आयुर्वेद एवं पंचकर्म सेंटर के प्रमुख शिवकरण जानूं ने बताया कि फागोत्सव का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि एकता और सद्भाव का संदेश देने वाला उत्सव है।

ऐसे आयोजनों से समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच मिलता है और लोकसंस्कृति को जीवंत बनाए रखने में मदद मिलती है। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों का सम्मान भी किया जाएगा। झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू तथा पूर्व विधायक एवं भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी रहे शुभकरण चौधरी का अभिनंदन होगा।

साथ ही सामाजिक, व्यापारिक और सेवा क्षेत्र से जुड़े लोगों की सहभागिता कार्यक्रम को और अधिक गरिमामय बनाएगी। आयोजकों के अनुसार फागोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। बड़ी संख्या में आमजन, समाजसेवी, व्यापारी तथा युवा वर्ग के शामिल होने की संभावना है। फागोत्सव का उद्देश्य लोगों को एक मंच पर जोड़कर हमारी समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाना है, ताकि नई पीढ़ी भी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे और समाज में प्रेम, सौहार्द और उल्लास का वातावरण सुदृढ़ हो सके।

सार-समाचार

नगर पालिका को तत्काल कार्रवाई के आदेश

रतनगढ़ (निसं) स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा रतनगढ़ नगर पालिका को अवैध वाणिज्यिक परिसर निर्माण से जुड़े एक महत्वपूर्ण प्रकरण में स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग ने राजकुमारी सराफ के रतनगढ़ स्थित वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स के संबंध में गठित जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है । जारी आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि निर्माण कार्य अनुमोदित मानचित्र के अनुरूप ही सुनिश्चित किया जाए तथा मुख्य सड़क से समुचित पहुंच मार्ग उपलब्ध कराए बिना व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन नहीं किया जा सकेगा। साथ ही संबंधित भूखंड पर वर्तमान में संचालित व्यावसायिक गतिविधियों को नगर पालिका द्वारा तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने यह भी कहा है कि समस्त कार्रवाई नियमों के अनुरूप करते हुए प्रकरण की वस्तुस्थिति रिपोर्ट शीघ्र प्रेषित की जाए। शहरी विकास में पारदर्शिता और सुव्यवस्थित निर्माण व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

नगर श्री में खूब जमा फागोत्सव महोत्सव

चूरू । लोक संस्कृति शोध संस्थान नगर श्री में गुरुवार को फागोत्सव महोत्सव खूब जमा। नगर श्री सचिव श्याम सुन्दर शर्मा ने बताया कि बुधवार शाम को नगर श्री ट्रस्ट के संस्थापक स्व. सुबोध कुमार अठावाल व स्व. रिद्धकरण मोटेका की स्मृति में गींदड़ के वयोवृद्ध कलाकार डॉ. मोतीलाल सोनी की अध्यक्षता व रमाकांत भाऊवाला के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राकेश दाधीच ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। नीरज गौड़ व विनोद औझा ने बोल-बोल म्हारी जीवण जेवड़ी... व मेंहदी गीत, हनुमान आदित्य ने रामू चनणा के गीतां ने खूब समां बांधा। रास बिहारी पार्टी के गायक कलाकार राकेश दाधीच, विपिन दाधीच, उमेश दाधीच, हितेश कौशल, सुनील भाऊवाला व पंकज ने एक से बढ़कर एक होली के धमाल की प्रस्तुति दी। इस दौरान कठै सूं आई सूंठ, कठै से आयो जीरो, बीरा म्हानै पीवरिये पहुंचा दे रे..., मीठो मीठो बोलो रे पपईया..., कुरजा ए म्हारो भंवर मिला दे रे कृसहित अनेक लोकगीतों की रंगारंग प्रस्तुतियां से कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। वयोवृद्ध कलाकार डॉ. मोतीलाल सोनी, हरिसिंह, रूघाराम मांझू के साथ युवा व बच्चें भी थिरकने को मजबूर हो गये। कार्यक्रम में ढ़फ, ढ़ोलक, पेड आरगन की सुमधुर सामंजस्य के साथ उपस्थित श्रोताओं ने फूलों की होली खेलकर कार्यक्रम का जमकर आनंद उठाया। रमाकांत भाऊवाला ने सुबोध कुमार अठावाल द्वारा रचित प्रसिद्ध गीत बटाउड़ो सुनाकर खूब वाह-वाही लूटी। कार्यक्रम का संचालन प्रो. कमल सिंह कोठारी ने किया।

डॉ. शंभू पंवार सम्मानित

चिड़ावा, । निराला साहित्य एवं कला मंच एवं हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में सती सांईदास कलानौर (रोहतक) में आयोजित राष्ट्रीय साहित्योत्सव एवं सम्मान समारोह में अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त लेखक, पत्रकार,साहित्यकार डॉ. शंभू पंवार को चार दशक से मूल्यपरक एवं सार्थक पत्रकारिता के लिए निराला उत्कृष्ट पत्रकार सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि धरा धाम इंटरनेशनल प्रमुख एवं मानद कुलपति प्रो. डॉ. सौरभ पांडेय तथा कार्यक्रम अध्यक्ष, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी सहित विशिष्ट अतिथियों ने शॉल, माला और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षाविद डॉ. एहसान अहमद, साहित्यकार डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शिवकुमार शिव और मंच अध्यक्ष डॉ. सत्यवीर निराला भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि डॉ. पंवार ने अपनी निष्पक्ष, निर्भिक और समाजोन्मुखी लेखनी से पत्रकारिता को नई दिशा दी है। पत्रकारिता के साथ-साथ साहित्य और सामाजिक सरोकारों में भी उनकी सक्रिय भूमिका रहती है। वैश्विक स्तर पर मूल्यपरक पत्रकारिता और सामाजिक योगदान के लिए उन्हें अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से अलंकृत किया जा चुका है। उनके पांच साझा काव्य संठाह प्रकाशित हो चुके हैं तथा एक एकल काव्य संठाह प्रकाशनाधीन है। गणतंत्र दिवस 2026 पर आकाशवाणी द्वारा आयोजित विश्व के सर्वभाषा कवि सम्मेलन में सिंधी भाषा के अनुवादक कवि के रूप में सहभागिता कर उन्होंने झुंझुनूं एवं शेखावाटी क्षेत्र को गौरवान्वित किया। वैसे आपके आकाशवाणी दिल्ली से उनके साक्षात्कार एवं समसामयिक विषयों पर परिचर्चाएं समय-समय पर प्रसारित होती रही हैं।

सम्मान समारोह आज

चूरू । विश्व एनजीओ दिवस पर युक्ति सामाजिक शोध संस्थान की ओर से परिचर्चा व सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। सचिव राजकौर राहड़ ने बताया कि संस्थान की ओर से 27 फरवरी शुक्रवार को विकसित भारत निर्माण में एनजीओ की भूमिका पर विकसित भारत निर्माण में एनजीओ की भूमिका विषय पर परिचर्चा कार्यक्रम व सम्मान समारोह का आयोजन नगर श्री सभागार में शुक्रवार शाम 4 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सरोज हारित करेगी। वहीं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेंद्र सिंह राठौड़ व मुख्य वक्ता समाज शास्त्र परिषद् के राज्य अध्यक्ष डॉ. सुशील त्यागी होंगे। कार्यक्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा।

चंग की धमाल आज से

रतनगढ (निसं) शहर की सांस्कृतिक संस्था शिवाजी सेवा संस्थान की ओर से चार दिवसीय रंगरूड़ौ फाग उच्छब-2026 का आगाज आज शुक्रवार रात से होगा। कार्यक्रम संयोजक विकास रिणवा ने बताया कि प्रथम दिन याराना ढ़प मंडल, रामगढ़ शेखावाटी द्वारा चंग-बांसुरी की स्वर लहरियों के साथ धामाल की प्रस्तुति दी जाएगी। सभी कार्यक्रम रात्रि 9 बजे से संस्थान प्रांगण में आयोजित होंगे।अध्यक्ष किशोरीलाल बील ने कहा कि संस्थान पिछले लगभग 50 वर्षों से होली पर इस पारंपरिक फाग उच्छब का आयोजन करता आ रहा है, जिसे लेकर क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह रहता है। 1 मार्च को विचित्र स्वांग के साथ शहर के मुख्य मार्गों से रंगरूड़ी बंदौरी भी निकाली जाएगी, जो अंचल का अनूठा आकर्षण है। आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।

स्नेह मिलन समारोह 5 मार्च को

सीकर, ।कायस्थ हितकारिणी समिति की ओर से होली के अवसर पर भगवान चित्रगुप्त व कलम दवात पूजन 5 मार्च को की जाएगी। इस दौरान कायस्थ समाज की सामूहिक होली स्नेह मिलन समारोह में फूलों की होली खेली जाएगी। समिति के अध्यक्ष राधाकृष्ण माथुर की अध्यक्षता में कार्यक्रम शाम 5 बजे कायस्थ कॉलोनी स्थित चित्रगुप्त भवन में आयोजित किए जाएंगे। कायस्थ हितकारिणी समिति के महासचिव अश्वनी माथुर ने बताया कि इस अवसर पर भगवान चित्रगुप्त व कलम दवात पूजन, समाज को दिए अमूल्य योगदान के लिए पूर्व अध्यक्षों की स्मृति में उनके परिजनों, समाज के भवन के लिए दानदाताओं, भामाशाहों को प्रतिक चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

सीकर । जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 21 अप्रेल को लोक सेवा दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोक सेवकों को मुख्यमंत्री लोक सेवा उत्कृटता पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाता है। पुरस्कार प्रदान करने का मुख्य उद्देश्य लोक सेवकों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित करना, नवाचारों के लिए अभिप्रेरित करना, लोक सेवा के प्रति समर्पण भाव एवं कार्यकुशलता की अभिवृद्धि करना है। पुरस्कार के लिए 18 फरवरी 2026 से ऑन-लाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन किए जा सकते हैं। पुरस्कार 3 श्रेणियों में 11 पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे। अवार्ड प्रक्रिया में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने की अंतिम तिथि 10 मार्च 2026 से पूर्व निर्धारित प्रारूप में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग राजस्थान सरकार द्वारा विकसित वेब पोर्टल://...के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करवाया जाना सुनिश्चित करावें।

नोडल अधिकारी नियुक्त

सीकर, । जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि 28 फरवरी 2026 को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों के सुचारू संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीकर को नोडल अधिकारी तथा श्री कल्याण राजकीय चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज सीकर के अधीक्षक एवं पीएमओ को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सार-समाचार

अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

सीकर । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के संबंध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान जयपुर के द्वारा राज्य में 31 दिसम्बर 2025 को पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 की निर्वाचक नामावलियों की तैयारी के लिए कार्यक्रम एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, जिसके अन्तर्गत 29 जनवरी 2026 को सीकर जिले की 16 पंचायत समितियों में कुल 449 ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामाविलयों का प्रारूप प्रकाशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी शर्मा ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन में जिले में कुल 1663379 मतदाता थे। पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 की निर्वाचक नामावलियों के प्रारूप प्रकाशन के पश्चात 31 जनवरी 2026 को निर्वाचक नामावलियों का वार्डों,मतदान केन्द्रों पर पठन का कार्य करवाया गया, निर्वाचक नामावलियों के पठन के कार्य के पश्चात 1 फरवरी 2026 व 2 फरवरी 2026 को मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान चलाया गया, निर्वाचक नामावलियों के दावों एवं आक्षेपों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 7 फरवरी 2026 थी, निर्वाचक नामावलियों के संबंध में प्राप्त दावों एवं आक्षेपों का निस्तारण 14 फरवरी 2026 तक किया गया। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावलियों के प्रारूप प्रकाशन के पश्चात् जिले में कुल 79029 मतदाताओं के नाम शामिल किए गए है व कुल 53267 मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बुधवार को अंतिम प्रकाशन के बाद जिले की 16 पंचायत समितियों में कुल मतदाता 1689141 हो गए है। मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के समय भी त्रुटियों रह जाने की संभावना रहती है। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि यदि अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूचियों में किन्हीं पात्र व्यक्तियों के नाम रह गये हों या गलत नाम शामिल हो गये हों या कोई अशुद्धि रह गयी हो तो, उसका उपाय नियमों में विहित प्ररूप। या ।। या ।।। में आवेदन पत्र,आपत्तियाँ प्रस्तुत कर किया जा सकता है। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूचियों के निरंतर अद्यतन के लिए नियम 20 में पर्याप्त प्रावधान हैं। नियम 20 के अनुसार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा स्वविवेक से या प्रार्थना पत्र के आधार पर नाम जोड़ने, हटाने, अंतरण करने की कार्यवाही एक विहित प्रकिया के अधीन की जा सकती है। नियम 20 के अंतर्गत निरन्तर अद्यतन प्रक्रिया में नाम जोडने, हटाने, अंतरण करने या शुद्ध करने की कार्यवाही पंचायत चुनावों के लिए नियम 23 या 58 के अंतर्गत अधिसूचना जारी होने की तिथि तक की जा सकती है। चुनाव की अधिसूचना जारी होने की तिथि से मतदान समाप्ति तक मतदाता सूची में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जायेगा। इस प्रकार जोड़े गये, हटाये गये या शुद्ध किये गये नामों की सूची पूरक 2 के नाम से बनायी जायेगी। इस दौरान अंतिम मतदाता सूची की दो प्रतियां एक हार्ड एवं एक सॉफ्ट कॉपी बिना फोटों के मान्यता प्राप्त रानैतिक दलों के उपस्थित प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई है।

युवा साथी केन्द्र का उद्घाटन

सीकर । राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सीकर में 25 फरवरी 2026 बुधवार को युवा मामले एवं खेल विभाग राजस्थान सरकार द्वारा संचालित युवा साथी केन्द्र का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य मदनलाल रोलन के मुख्य आतिथ्य एवं डा0 सुरेश रॉयल, सुनिता पाण्डे व धीरज डीडवानिया के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में रतन सिंह शेखावत ने अवगत करवाया कि यह केन्द्र युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू किया जा रहा है। यह न केवल नौकरी की दिशा में बल्कि युवाओं को रोजगार प्रारम्भ कर दूसरों को भी नौकरी देने की दिशा में सम्पूर्ण परामर्श प्रदान करेगा। समारोह में उपस्थित युवाओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने बताया कि केन्द्र उन युवाओं के लिए विशेष रूप से सहयोगी होगा जो सरकारी योजनाओं के तहत ऋण, उद्यम प्रोत्साहन, प्रारम्भिक वित्तीय सहायता, कौशल प्रशिक्षण, स्टार्टअप आदि में रूचि रखते हों। पात्र युवा ऑनलाईन पंजिकरण कर सकते हैं या सीधे केन्द्र पर आकर सहायता प्राप्त कर सकते हैं, यह सेवायें निशुल्क रहेंगी। समारोह में केन्द्र की टीम के प्रमुख अधिकारी अरूण यादव, अभियन्ता रतन सिंह उपस्थित रहे। केन्द्र समन्वयक, सीकर के गोविन्द सिंह कविया ने समस्त उपस्थित गणमान्यों का आभार व्यक्त किया।

विद्यालय को अलमारी भेंट

रतनगढ़(निसं)हनुमान प्रसाद सीताराम सेवा समिति की ओर से गुरुवार को महात्मा गांधी राजकीय अंठोजी माध्यम विद्यालय, पंडितपुर में एक बॉक्स अलमारी भेंट कर सराहनीय पहल की गई। कार्यक्रम सीबीईओ संदीप व्यास के सान्निध्य एवं संस्था प्रधान नरेंद्र कुमार सांकृत्य की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।समिति अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने अपनी सुपौत्री माही दाधीच के जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय को अलमारी समर्पित करते हुए सभी विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरित की। मुख्य अतिथि शर्मा ने अपने संबोधन में समिति के सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए समाज के विकास में प्रत्येक व्यक्ति से यथाशक्ति सहयोग का आ ान किया। उन्होंने वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए जनभागीदारी पर बल दिया।विशिष्ट अतिथि पूर्व सीबीईओ कुलदीप व्यास ने समिति के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए प्रेरणादायक गीत की प्रस्तुति दी। समाजसेवी मोतीलाल तातेड ने सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया।

कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

कमांक :- न.प.सु./भूमि शाखा/2025/11581 दिनांक 23.02.2026

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा 69ए/कृशि भूमि नियमन के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के संबध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद गुजरने पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा, और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

क. सं.	आवेदक का नाम व पता	कस्बा	पता	क्षेत्रफल वर्गमीटर	आवासीय/व्यावसायिक
01	श्री राधा किशन पुत्र श्री गोपाल चन्द	सुजानगढ़	हरिज